# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. चित्तरंजन मिश्र**
**Prof. Chittaranjan Mishra**
**कुलसचिव**
**Registrar**

**दूरभाष/Phone :** +91-7152-230902
**फैक्स/Fax :** +91-7152-247602


**क्रमांक:** 001/2012/वि.हि.स./28–**4**/15
**दिनांक** : 19.07.2015

## सूचना

दिनांक 1.7.2015 को जारी सूचना (क्रमांक: 003/2003/का.आ./02–16/2015) के तारतम्य में सूचित किया जाता है कि 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में आलेख प्रस्तुति हेतु जिन विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने कुलसचिव कार्यालय में अपने आलेख के सारांश भेजे हैं, वे अपने आलेख को अधिकतम 1000 शब्दों में, बेहतर ढंग से व्यवस्थित करके **10wshc@mea.gov.in** पर मंगल फांट में दिनांक **21.07.2015 तक** मेल कर दें एवं इसकी एक प्रति registrar.mgahv@gmail.com पर भी भेजें। आयोजन समिति द्वारा आलेख चुने जाने की स्थिति में संबंधित विद्यार्थी/अध्यापक दिनांक 21.08.2015 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

सम्मेलन में आलेख प्रस्तुति हेतु ऐसे **विद्यार्थियों को** पंजीयन शुल्क, भोपाल आने–जाने का स्लीपर श्रेणी का रेलभाड़ा तथा उक्त अवधि का विशेष अवकाश एवं **अध्यापकों को** पंजीयन शुल्क, भोपाल आने–जाने का ए.सी. तृतीय श्रेणी का रेलभाड़ा विश्वविद्यालय की ओर से तथा उक्त अवधि का विशेष अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार पंजीयन शुल्क में सम्मेलन की अवधि के दौरान सम्मेलन स्थल पर दोपहर एवं रात्रि का भोजन और प्रथम आगमन तथा समापन के बाद प्रस्थान की स्थिति में आवास से एयरपोर्ट/रेलवे स्टेशन तक परिवहन की व्यवस्था शामिल है। इसके अतिरिक्त भोपाल में आवासीय तथा भोजनादि की व्यवस्था विद्यार्थी/अध्यापक को स्वयं करनी होगी। सहभागिता के उपरांत प्रतिपूर्ति हेतु कृपया सहभागिता प्रमाण, पंजीयन की रसीद एवं यात्रा टिकट मूल रूप में सत्यापित कर कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 30.09.2015 तक अपना दावा प्रस्तुत करें।

(चित्तरंजन मिश्र)

**प्रति** : आलेख का सारांश प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों/अध्यापकों को (ई–मेल के अनुसार) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

**प्रतिलिपि** :

1. कुलपति कार्यालय।
2. प्रतिकुलपति कार्यालय।
3. कुलसचिव कार्यालय।
4. वित्त विभाग।
5. जन संपर्क अधिकारी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति।


**पोस्ट–हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442005 (महाराष्ट्र), भारत**
P.O. Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
**ई–मेल/E-mail:** registrar.mgahv@gmail.com; **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org